卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 175 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦5 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

**गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख और किसानों की कर्जमाफी का वादा**



नई दिल्ली (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने आज अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति मुखयालय में घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने अपने घोषणापत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है। घोषणापत्र 'पांच न्याय और 25 गारंटी' पर आधारित है। यह पांच न्याय 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय' हैं। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, पार्टी की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। घोषणापत्र में 25 तरह की गारंटियां दी गई हैं। खरगे ने कहा कि हमारा घोषणापत्र गरीबों को समर्पित है। उन्होंने आगे कहा, हमारा यह घोषणापत्र देश के राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तवेज के रूप में याद किया जाएगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इसी पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने हरिद्वार में निकाला रोड शो



हरिद्वार (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को हरिद्वार में रोड शो किया। यहां वह पार्टी प्रत्याशी के लिए जनसमर्थन मांगेंगे। इसके अलावा उनके कई कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर विधायक मदन कौशिक, जिलाध्यक्ष संदीप गोयल समेत मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ता तैयारी में जुटे रहे। कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सबसे पहले माया देवी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और संतों से आशीर्वाद लिया। संतों के साथ बैठक भी की। इसके पश्चात आर्य नगर चौक पहुंचें। जहां से रोड शो शुरू हुआ। रोड शो चंद्राचार्य चौक, पुराना रानीपुर मोड़ होते हुए ऋषिकुल मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ। नड्डा ऋषि कुल मैदान में बूथ के कार्यकर्ताओं को त्रिशक्ति सम्मेलन में संबोधित करेंगे।

## छह माह से लापता किशोर दिल्ली में बरामद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।थाना ट्रांजिट कैंप से 6 माह पहले लापता किशोर को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



पुलिस के मुताबिक 18 अक्टूबर 2023 को ट्रांजिट कैंप मुखर्जी नगर निवासी राम प्रसाद ने तहरीर सौंप बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र अमित कुमार घर से बिना बताए कहीं चला गया है। इस पर पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि विवेचना एसआई प्रदीप पंत को दी गई थी। साथ ही पुलिस, एसओजी व (शेष पृष्ठ 7 पर)

## गोलीकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र होली के दिन एक युवक पर की गई फायरिंग के मामले में नामजद आरोपियों पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक



आजादनगर ट्रांजिट कैंप निवासी नितिन गंगवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि होली के दिन उस पर कई युवकों ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। उसके चोटें आई। हमलावरों पर तमंचे से फायरिंग करने का आरोप है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपए ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। मोहल्ला खेड़ा निवासी किशन गंगवार पुत्र सत्य प्रकाश का कहना है कि जिला रामपुर निवासी पिता पुत्र द्वारा उसे बरेली एवं लालपुर निवासी लोगों से मिलवाया गया। जिन्होने उसे विदेश में जॉब दिलवाने की गारन्टी लेते हुए प्रलोभन देकर कहा उसके कनाडा में बहुत अच्छे सम्बन्ध हैं, और वह पूर्व में कई लोगों को भारत से कनाडा भेज चुका है। उन्होंने कहा यदि 15 लाख रूपये खर्च करो तो कनाडा भेज दूंगा व दो लाख रूपये महीने तक की नौकरी भी लगबा दूंगा। 8 लाख रूपये पहले देने को कहा और बाकी पैसे काम होने के बाद देने की शर्त बताई। जिस पर इन लोगों के बहकाबे में आकर 26 जुलाई 2021 को अपने दोस्त से 5 लाख रूपये उधार लेकर और अपने पासपोर्ट की फोटो कॉपी उन्हें सौंप दी। तीन लाख रूपये अपने फोन से बिभिन्न तारीखो में (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर रही भाजपा: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। इंडिया गठबंधन के तहत आज आम आदमी पार्टी द्वारा क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ के साथ प्रेस वार्ता कर गठबंधन प्रत्याशी प्रकाश जोशी को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया। इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है। प्रत्येक नागरिक की स्वतंत्रता खतरे में है। आम आदमी की आजादी खत्म कर दी गई है। इसीलिए इंडिया गठबंधन का सृजन कर संविधान बचाने के लिए लोकसभा का चुनाव मिल कर लड़ने का फैसला किया गया। इस फैसले के तहत इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों द्वारा नामित प्रत्याशी को मिलकर चुनाव लड़ाया जा रहा है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जहां भी विपक्ष की सरकार हैं उन पर सरकारी तंत्र का गलत प्रयोग कर झूठे मामलों में फंसा कर शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी भाजपा की सरकार हैं वहां अपराध घोटाले भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किंतु केंद्र की भाजपा सरकार को यह नहीं दिखाई दे रहा है केंद्र की भाजपा सरकार मात्र विपक्ष की सरकारों पर ही हमला करने पर उतारू है। जिससे साबित होता है कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है तथा आम आदमी की स्वतंत्रता छीन ली गई है,तथा संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)






निरंकार के कारज में न, सन्तजनों ने दखल दिया !
निरंकार की हर रजा को, खुशी खुशी स्वीकार किया !!

**जीवन प्रेरणा सतसंग कार्यक्रम**

बड़ी दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी **श्रीमती कृष्णा गाबा जी** 3 अप्रैल दिन बुधवार को निरंकार प्रभु-सत्ता द्वारा प्रदत्त श्वासों को पूर्ण कर गुरू चरणों में तोड़ निभाते हुए नश्वर शरीर त्याग कर निरंकारमयी हो गई हैं। उनकी **अन्तिम अरदास/रस्म पगड़ी 6 अप्रैल 2024 दिन शनिवार** प्रात: 11:30 से 01:30 बजे तक निरंकारी सत्संग भवन, नैनीताल रोड, रूद्रपुर मे सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

स्व. श्री कश्मीर लाल गाबा (पति)
रोशन लाल गाबा-दर्शना गाबा (देवर-देवरानी)
अशोक गाबा-ऊषा गाबा (देवर-देवरानी)
स्व. रमेश गाबा-शारदा गाबा (देवर-देवरानी)
अजय गाबा-वीना गाबा (देवर-देवरानी)

मंगत गाबा मिनाक्षी गाबा (पुत्र-पुत्रवधु)
हेमन्त गाबा पूजा गाबा (पुत्र-पुत्रवधु)
राजन गाबा आकांक्षा गाबा (पुत्र-पुत्रवधु)
शालू गाबा प्रीती गाबा (पुत्र-पुत्रवधु)
मनी सेतिया विजय सेतिया (पुत्री-दामाद)
सारिका चुघ अमन चुघ (पुत्री-दामाद)
हार्दिक, विधित (पौत्र)
समरपिता, बन्दगी, आराधना, सुगन्धी, भाविनी, रूहानी (पौत्री)

**कृपया इसे ही व्यक्तिगत बुलावा समझें एवं पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें ।**

प्रतिष्ठान: हार्दिक प्लाईवुड,राजन मैटल्स,रूहानी मैटल्स
सम्पर्क सूत्र.: 9917170523,9027382227


## दो महिलाओं के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर यूपीसीएल के उपखंड अधिकारी महक मिश्रा ने बताया कि मोहल्ला अल्ली खां निवासी नरगिस खां पत्नी अफसर अली तथा यही की जैनब पत्नी जाहिद हुसैन पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों महिलाओं के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।


੧ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ
ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥



**भोग एवं अंतिम अरदास**

आपको, अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि
डेरा कार सेवा, श्री नानकमत्ता साहिब के मुख्य सेवादार

**बाबा तरसेम सिंह जी**

का आकस्मिक निधन
बृहस्पतिवार, 28 मार्च 2024 को हो गया था।
उनकी आत्मिक शांति हेतु
बृहस्पतिवार, 04 अप्रैल 2024 को
श्री अखण्ड पाठ साहिब रखा जायेगा,
एवं शनिवार, 06 अप्रैल 2024 को
श्री अखण्ड पाठ साहिब का भोग
डेरा कार सेवा, श्री नानकमत्ता साहिब में सम्पन्न होगा ।
अत: अन्तिम अरदास में शामिल होने की कृपा करें ।

**बेनतीकर्ता**

जत्थेदार बाबा बचन सिंह जी, बाबा महेन्द्र सिंह जी
(कार सेवा दिल्ली वाले) अते समूह साध संगत

# जेपी नड्डा ने किया भाजपा के मतदाता संपर्क अभियान में पूरी ताकत झोंकने का आह्वान

## भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश की 23 हारी हुई विधानसभा सीटों के संबंध में रिपोर्ट सौंपी



देहरादून(उद संवाददता)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरूवार को राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुई बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को दिशा निर्देश दिये। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश की 23 हारी हुई विधानसभा सीटों के संबंध में रिपोर्ट दी। पार्टी ने लोकसभा चुनाव में बढ़त बढ़ाने की दृष्टि से 23 हारी हुई विधनसभा सीटों पर विशेष कार्ययोजना बनाई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट इन सीटों पर लगातार प्रवास करते रहे हैं। 2022 के विस चुनाव में हारी इन सीटों पर सांसद, क्षेत्रीय विधायक और पार्टी पदाधिकारियों को भी प्रवास करने के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री धामी ने भी इन सीटों पर जनसंपर्क, सभाएं और रोड शो किए। 21 मार्च से उन्होंने अपने चुनावी दौरों की शुरुआत कर दी थी। करीब 30 विधानसभाओं में उनके दौरे हो चुके हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने पूरे चुनाव के दौरान अधिक से अधिक विधानसभाओं को कवर करने का लक्ष्य बनाया है। उधर, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने 23 हारी हुई सीटों पर प्रवास के कार्यक्रम बनाए हैं। वे लगातार इन सीटों में सांगठनिक स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। बूथ स्तर के पदाधिकारियों से संवाद के जरिये तैयारियों का फीडबैक ले रहे हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष हारी हुई सीटों की अब तक की तैयारी और चुनावी रणनीति को साझा किया। उन्होंने प्रदेश में पार्टी की चुनावी तैयारियों की भी जानकारी दी। नड्डा ने सभी पांचों लोकसभा सीटों पर अब तक चले प्रचार की गति के बारे में भी जानकारी ली। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें मैं भी हूं पन्ना प्रमुख अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने टिहरी लोस की कोर कमेटी की बैठक में मतदाता संपर्क अभियान में पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया। अगले तीन पार्टी बूथों में एक-एक वोट से संपर्क साधने की कोशिश करेगी। नड्डा ने कहा, पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की यह कोशिश होनी चाहिए कि वह अपने क्षेत्र के तकरीबन सभी मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करे और उसे लोकहित और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों, फैसलों और योजनाओं के बारे में जानकारी दें। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोस चुनाव में पार्टी को अधिक से अधिक वोटों के अंतर से जीत दिलाने के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। कहा, अब प्रत्येक कार्यकर्ता का यह प्रयास हो कि वह अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क करे और केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों और कार्यों की चर्चा करे। चुनावी दृष्टि से भाजपा का बूथ प्रबंधन पर खास फोकस है। पार्टी ने प्रत्येक बूथ के तीन पदाधिकारियों, जिनमें बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक और बीएलओ टू को त्रिदेव की संज्ञा दी है। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पार्टी प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेश बंसल, लोकसभा प्रभारी विनय रोहिला समेत टिहरी लोस क्षेत्र के विधायक व वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## पिथौरागढ़ और विकासनगर में जेपी नड्डा ने की जनसभा

देहरादून। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बृहस्पतिवार को चुनाव प्रचार गरमाने उत्तराखंड पहुंचे हैं। पिथौरागढ़ में जनसभा के बाद अब वह वह करीब साढ़े चार बजे विकासनगर पहुंचे। यहां उन्होंने टिहरी लोकसभा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवों की भूमि है। पीएम मोदी ने यहां के विकास के लिए बहुत काम किए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि सात लाख लोगों ने आयुष्मान योजना का उपयोग कर अपनी और परिवारजनों की जान बचाई है। कांग्रेस ने उत्तराखंड राज्य नहीं दिया है। हमें अटल जी को याद रखना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा है कि अटल ने राज्य बनाया, मैं इसे संवारने का काम करूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कहा कि सारी सीटों पर पांच लाख के वोटों के अंतर से जीत दर्ज करनी है। तेज धूप भारी संख्या में कार्यकर्ताओं का जनसभा में पहुंचना इस बात का साक्ष्य है हमारी बड़ी जीत सुनिश्चित है।

# योगी 11 और मोदी 12 अप्रैल को करेंगे चुनावी रैली

## श्रीनगर, किच्छा और रुड़की में प्रचार करेंगे योगी पीएम मोदी की ऋषिकेश में हो सकती है जनसभा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड गढ़वाल क्षेत्र की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार गरमाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। 12 अप्रैल को ऋषिकेश में उनकी चुनावी रैली हो सकती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 अप्रैल को श्रीनगर, किच्छा और रुड़की में चुनावी रैली करेंगे। प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के स्टार प्रचारक और दिग्गज नेता चुनाव रण में उतरने लगे हैं। पीएम मोदी ने ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में बीते दिनों चुनावी रैली की। वहीं



बृहस्पतिवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पिथौरागढ़ व विकासनगर में चुनावी रैली की। प्रधानमंत्री मोदी गढ़वाल की तीन लोकसभा सीट पौड़ी, टिहरी व हरिद्वार लोकसभा सीट के चुनावी समर में उतरकर आगामी 12 अप्रैल को ऋषिकेश में चुनावी रैली कर सकते हैं। जबकि 11 अप्रैल को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ श्रीनगर, किच्छा व रुड़की में चुनाव प्रचार करेंगे।

# कांग्रेस कर सकती है प्रियंका और राहुल गांधी की चुनावी रैली

रूद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय शंखनाद रैली के जरिये मतदाताओं के बीच मजबूत माहौल बनाने की कोशिश में भाजपा काफी हद तक कामयाब हो गई है। अब कांग्रेस भी प्रचार में आगे रहने के लिए राहुल गांधी या प्रियंका गांधी की सभा कराने की तैयारी कर रही है। प्रियंका गांधी की रैली को लेकर अधिक जोर दिया जा रहा है। हालांकि हाईकमान की ओर से रैली को लेकर हरी झंडी नहीं दी गई है। दरअसल भाजपा ने सबसे पहले प्रत्याशी घोषित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय शंखनाद रैली कराकर प्रचार की धार बढ़ा दी है। रैली में उमड़ी हजारों की भीड़ से भाजपा नेताओं के चेहरे खिले हैं। प्रधानमंत्री ने रैली में विपक्ष को जमकर निशाने में लिया। जनता के बीच उनका जादू बरकरार रहा। मोदी की रैली में उमड़ी भीड़ से कांग्रेस खेमे में बेचौनी है। अब कांग्रेस की ओर से इसके जवाब में राष्ट्रीय नेता की रैली करने की तैयारी की जा रही है। अधिककांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से प्रियंका गांधी की रैली की मांग की जा रही है। श्रीनगर में प्रियंका की रैली की संभावना के चलते कुमाऊं में राहुल गांधी की रैली हो सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार रुद्रपुर या हल्द्वानी में रैली करने पर विचार हो रहा है, जिससे प्रचार में धार के साथ ही कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ सके।



# उत्तराखंड के 5892 बूथों की होगी वेबकास्टिंग : जोगदंडे

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में राज्य के 11,729 में से 5892 बूथों पर वेबकास्टिंग होगी। यहां होने वाली हर हलचल को चुनाव आयोग की टीम देख सकेगी। जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद या कार्रवाई की जा सकेगी। बृहस्पतिवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में ब्रीफिंग करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि आयोग की ओर से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए अनेक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदेय स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करना, ऑब्जर्वर की तैनाती, बूथ लेवल पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती, पोलिंग पार्टियों का रेंडमाइजेशन करना और सेक्टर ऑफिसर की तैनाती करना एवं अन्य व्यवस्थाएं इसमें शामिल हैं। आयोग के निर्देशों के तहत राज्य के 11,729 पोलिंग स्टेशन में से 5892 पोलिंग स्टेशन को वेबकास्टिंग में लिया जाएगा। मतदान के दिन जो भी घटनाक्रम मतदान केंद्र में हो रहा है उसकी जानकारी एआरओ के पास



लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से पहुंच जाएगी। पोलिंग बूथों पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पीठासीन अधिकारी और पोलिंग एजेंट सीधे अपने एआरओ से बात कर सकते हैं। कोई भी शिकायत अपने जिला स्तरीय निर्वाचन अधिकारी से कर सकते हैं। जिलास्तर पर वेबकास्टिंग के लिए टीमें तैयार कर ली गई हैं। उनका प्रथम प्रशिक्षण भी हो चुका है। जनपद स्तर पर वेबकास्टिंग का एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। राज्य स्तर पर भी एक कंट्रोल रूम तैयार किया जाएगा, जिसके माध्यम से राज्य की पांचों लोकसभा सीट पर होने वाली वेबकास्टिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था होगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी 11729 पोलिंग स्टेशन पर तैनात होने वाले मतदान कार्मिकों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा विभाग से समन्वय कर बेहतर प्रयास किए गए हैं। इसके लिए कैशलेस ट्रीटमेंट का निर्णय किया गया है। राज्य में निर्वाचन से जुड़े राज्य के सभी कर्मचारियों और अन्य राज्यों के कर्मचारियों को भी यह सुविधा दी जाएगी। इस व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों को लिया गया है। पोलिंग पार्टियों को किस सुविधा केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना है, इसके लिए बूथ लेवल हेल्थ मैनेजमेंट प्लान बनाया गया है। राज्य के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की जानकारी सभी पोलिंग पार्टियों तक उपलब्ध रहेगी। आपातकालीन स्थिति में किस पुलिस स्टेशन और फायर कार्यालय से संपर्क करना है, निकटतम एंबुलेंस और हेलीपैड की जानकारी भी पोलिंग पार्टियों को दी जाएगी।

# मतदाता जागरूकता के लिए क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खेल विभाग द्वारा प्रातः 7 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य खेल के साथ साथ युवाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना है। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रेस को प्रारंभ कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम जिले स्तर , ब्लॉक स्तर तथा न्याय पंचायत, नगर स्तर पर भी आयोजित किए जा रहे हैं ताकि मतदाताओं द्वारा अधिक से अधिक मतदान हो सके। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में समझाया जा रहा है तथा वोटर हेल्पलाइन 1950 के संबंध में भी अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र रावत , जिला प्रोबेशन अधिकारी,(सहायक नोडल अममच) व्योमा जैन आदि उपस्थित थे।



# पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा की पुत्री को मिली पीएचडी की उपाधि

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। क्षेत्र के पूर्व विधायक डा0 प्रेम सिंह राणा की सुपुत्री सिमरन राणा को थारू जनजाति की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर के अध्ययन में समाज शास्त्र विभाग में कुमांऊ विश्वविधालय हल्द्वानी से पीएचडी की उपाधि मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खासा हर्ष का माहौल है। सिमरन को पीएचडी की उपाधि मिलने पर क्षेत्र के व्यापारियों एंव समाजसेवियों ने उनके घर जाकर बधाई दी। जनजाति महिलाओं के विषय पर अध्ययन करने वाली सिमरन ने जनजाति की महिलाओं के समस्याओं को प्रमुखता से अध्ययन में शामिल कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिमरन के पीएचडी की उपाधि मिलने पर क्षेत्र के कई लोगों ने उनके घर जाकर बधाई दी। बधाई देने वालों उमेश अग्रवाल, जगदीश जोशी, ओमनरायण राणा, विमला बिष्ट, रवि ग्रेवाल, ध्रुव सिंह राणा , दीप चन्द्र राणा के साथ ही वरूण अग्रवाल ,प्रमोद अग्रवाल, विशाल गोयल,मोहित अग्रवाल ने बधाई दी है।



# जेसीज की छात्रा निवेदिता का सिगबर्ग जर्मनी में एडमिशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीज पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा निवेदिता कांडपाल ने इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज- बैड होननेफ कार्यालय प्रभारीः सिगबर्ग में राइन-सीग-क्रेइस ,जर्मनी में व्यवसाय प्रशासन पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। आवश्यक उच्च शिक्षा प्रवेश योग्यता के साथ-साथ अंग्रेजी दक्षता की आवश्यकता को भी पूरा किया हैं। ज्ञात हो कि निवेदिता कक्षा 12वीं के वाणिज्य वर्ग की छात्रा हैं ।उन्होंने एनसीसी के कैडेट होने के साथ- साथ खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुर जीत सिंह ग्रोवर ने विविधता की निवेदिता के इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि जैसे इसमें समय-समय पर होने वाले करियर काउंसलिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों की नई और मौलिक सोच को बढ़ावा देते हैं जिससे विद्यार्थी पारंपरिक पाठ्यक्रमों से हटकर नए-नए पाठ्यक्रमों और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रयास करते हैं। जेसीज के विभिन्न विद्यार्थी देश-विदेश में श्रेष्ठ पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। विद्यालय के निदेशक सुधांशु पंत, प्रधानाचार्य श्री प्रवेश मेहरा सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने निवेदिता की उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें और उनके अभिभावकों बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।



# महिला वन दरोगा ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

## कॉर्बेट प्रशासन ने कमेटी बनाकर ढेला रेंज के रेंज अधिकारी की जांच की शुरू



रामनगर( उद संवाददाता) ।विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेंज से एक बड़ा मामला सामने आया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां एक महिला वन दरोगा ने ढेला रेंज के रेंज अधिकारी पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। मामले में कॉर्बेट प्रशासन ने जांच के लिए कमेटी का गठन किया है। कॉर्बेट नेशनल पार्क के एक वनक्षेत्राधिकारी पर एक महिला वन दरोगा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है,साथ ही पीड़ित महिला वन दरोगा ने कालागढ़ एसडीओ और पार्क निदेशक को शिकायती पत्र देकर रेंज अधिकारी को निलंबित करने की मांग की है। इस मामले पर कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि ये सरकार नारा देती है बेटी बचाओ और बेटी पढाओं,पर पूरे देश मे बेटियों पर महिलाओ पर अत्याचार बढ़ गए है सेक्सुअल हुर्रेसमेन्ट के मामले बढ़ गए है ,उत्तराखंड का अंकिता भंडारी हत्याकांड हो या फिर दूसरे कांड हो,उसी सिरीज में एक नया मामला कॉर्बेट पार्क में सुनने को मिल रहा है जहाँ रेंज अधिकारी ने अपनी ही फोरेस्टर के साथ छेड़छाड़ की है ।रणजीत रावत ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि कॉर्बेट प्रशासन उस रेंज अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय जो शिकायतकर्ता और उसके सहयोगी है उनको ही दंडित कर रहा है,रणजीत रावत ने कहाँ कि मुझे सुनने में आ रहा है कि जिस महिला फोरेस्टर के साथ छेड़छाड़ हुई है उसके साथ जो अन्य सहयोगी महिला फोरेस्टर शिकायत करने उच्चाधिकारियों के पास गए थे उनका कॉर्बेट प्रशासन द्वारा तबादला कर दिया गया है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले में जानकारी देते हुए कॉर्बेट पार्क के डायरेक्टर डॉ धीरज पांडे ने बताया कि 29 मार्च का यह मामला प्रकाश में आया था जिसमे त्वरित कार्रवाई करते हुए हमने 30 मार्च को एक 5 लोगो की समिति का गठन किया है,उन्होंने बताया कि सामिति इसकी जांच कर रही है और आज संबंधित रेंज अधिकारी और महिला वन दरोगा को बयान के लिए बुलाया गया है। डायरेक्टर ने कहां कि प्रथम द्रष्टया एक रिपोर्ट हमारे द्वारा समिति से मांगी गई है जैसे ही वो रिपोर्ट हमारे पास आती है तो हमारे द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।साथ ही उन्होंने इन चर्चाओं पर कि महिला दरोगा को कॉर्बेट प्रशासन द्वारा छुट्टी पर भेज दिया गया है, इस पर कॉर्बेट पार्क के डायरेक्टर डॉ धीरज पांडे ने कहाँ कि महिला वन दरोगा ने छुट्टी के लिए आवेदन दिया था जिसको स्वीकृत करते हुए कुछ दिनों की छुट्टी के लिए भेजा गया है,साथ ही उन्होंने 2 अन्य वनकर्मियों के ट्रांफर पर कहाँ कि उनके द्वारा अनुरोध पर ही अन्य 2 वनकर्मियों का ट्रांफर किया गया है।





रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

- 100 से 400 गज तक के प्लाट
- 100,160, 200 गज विला
- खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


# प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का डीईओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शिता, सुचारू व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पंतनगर के गॉधी हॉल में 05 अप्रैल से 10 अप्रैल तक द्वितीय चरण प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह व नोडल कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि विधानसभावार कांउन्टर लगाये व कार्मिक सहायता केन्द्र भी बनाये ताकि कार्मिकों को इधर-उधर न भटकना पडे। उन्होने कार्मिकों के लिये उचित जलपान की व्यवस्था करने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये। उन्होने कहा कि कार्मिकों से प्रशिक्षण के दौरान ही इडीसी फार्म जमा कराये व जिन कार्मिको को इडीसी नही मिला है उन्हे इडीसी फार्म भी दिया जाये। उन्होने नोडल प्रशिक्षण नरेश चन्द्र दुर्गापाल को निर्देश दिये कि सभी मतदान कार्मिको को समुचित सैद्धांतिक व व्यवहारिक ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया जाये ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने बताया कि 05 अप्रैल को विधानसभा काशीपुर 954 कार्मिकों व जसपुर के 776 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों निर्देश दिये कि सभी कार्मिक समय से शतप्रतिशत प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इसमे किसी भी प्रकार कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नोडल प्रशिक्षण नरेश चन्द्र दुर्गापाल, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, एआरओ मनीष बिष्ट, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, उप नगर आयुक्त शिप्रा पाण्डे, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# डॉ. ओमवती बनी भारत विकास परिषद पंतनगर शाखा की सचिव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद पंतनगर शाखा का चुनाव पंतनगर विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से डॉ. आनंद सिंह जीना अध्यक्ष डॉ. ओमवती वर्मा सचिव और पुरुषोत्तम जी कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए। इस अवसर पर शाखा सदस्य डॉ आर पी मौर्या डॉ. सी के राव डॉ. श्री राम डॉ. जे पी पुरवार डॉ. एस के मौर्य डॉ. एस के श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी के रूप में वीरेंद्र कुमार सुखीजा प्रांतीय प्रोजेक्ट चेयरमैन दिव्यांग सहायता उपस्थित थे। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू व प्रान्तीय संयोजक चिकित्सा डॉ. विश्वनाथ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जे पी पुरवार ने किया।



# अधिवक्ता गोपाल शर्मा को मातृ शोक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अधिवक्ता एवं पत्रकार गोपाल शर्मा की माताजी श्रीमती साधना शर्मा का गुरूवार शाम को निधन हो गया। वह लम्बे समय से बिमार थी। उन्होंने गुरूवार शाम आदर्श कालोनी स्थित निवास पर अंतिम सांस ली। अधिवक्ता गोपाल शर्मा की माता के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। अधिवक्ताओं, पत्रकारों सहित विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार दोपहर किच्छा रोड स्थित मोक्षधाम में श्रीमती साधना शर्मा का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार परमपाल सुखीजा, सुरेन्द्र तनेजा, पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी, जगदीश चन्द्र, सुरेन्द्र गिरधर, प्रमोद धींगड़ा, अमन सिंह, गुरबाज सिंह, गोपाल भारती, मुकेश गुप्ता, प्रमोद कुमार, सौरभ गंगवार, अशोक सागर आदि समेत कई पत्रकार शामिल थे। सैकड़ों लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

# उमेश युवा अध्यक्ष व तनिष्क महामंत्री नियुक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर की एक बैठक में अध्यक्ष योगेश शर्मा व महामंत्री मनोज जायसवाल द्वारा महानगर युवा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उमेश गुप्ता को युवा अध्यक्ष तथा तनिष्क शर्मा को युवा महामंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि दोनों पदाधिकारी व्यापारियों की समस्या के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और बेरोजगार युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। मनोनयन पर संरक्षक धीरेंद्र रावत, वीरेंद्र चड्ढा , रामबाबू जायसवाल, जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, संदीप सक्सेना, सचिन गुप्ता, उपेंद्र कंनवाल, गौरव गुप्ता, महिला उपाध्यक्ष दीपा जायसवाल, महिला सचिव गीता कांडपाल , किरण जोशी, पवन सागर, कमलेश बोरा , संजय गुप्ता, डब्बू तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है ।



# रामनगर सरकारी अस्पताल पीपीपी मोड से होगा बाहर

रामनगर( उद संवाददाता) ।कुमाऊं और गढ़वाल के प्रवेश द्वार रामनगर में स्थित स्वर्गीय रामदत्त जोशी राजकीय संयुक्त चिकित्सालय को करीब 4 वर्ष पूर्व प्रदेश सरकार ने इस मकसद से पीपीपी मोड पर दिया था कि यहां पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके लेकिन आपको बता दें कि जब से यह अस्पताल पीपीपी मोड पर संचालित हुआ तभी से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लगातार चर्चाओं में है। बदहाल स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने एवं इस सरकारी अस्पताल को पीपीपी मोड से वापस लिए जाने की मांग को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी किये जा चुके हैं। अस्पताल के स्टाफ पर लगातार मरीजों एवं उनके तीमारदारों के साथ बदसलूकी करने के भी आरोप लगते रहे हैं । प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के रामनगर आगमन पर भी अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर लगातार जनता द्वारा शिकायतें की जा चुकी है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जहां एक और यहां आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता था । कई लोगों को अपनी जान भी लापरवाही के कारण गवानी पड़ी है। मामले में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि लगातार अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें मिल रही थी। उन्होंने कहा कि पीपीपी मोड पर भी अस्पताल को संचालित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पैसा दिया जा रहा था ।उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतें मिलने को लेकर तथा जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं देने को लेकर सरकार ने अब इस अस्पताल को पीपीपी मोड से वापस लेने के साथ ही पूर्व की भांति सरकारी तंत्र पर संचालित करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अब यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती करने के साथ ही यहां संसाधनों को भी पूरा किया जाएगा जिससे यहां उपचार के लिए आने वाले मरीजों को इसका लाभ मिल सके तो वही कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने भी सरकारी अस्पताल को लेकर बढ़ाओ स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही सरकार पर भी गंभीर आरोप लगाए उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीज को उपचार मिलना तो दूर यह अस्पताल सिर्फ रेफर केंद्र बन गया था उन्होंने कहा कि कई मरीजों को अपनी जान भी गवानी पड़ी है ऐसे जघन्य अपराध के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है उन्होंने कहा कि रामनगर के सरकारी अस्पताल को पूर्व की भांति संचालित करने के साथ ही यहां पर बेहतर चिकित्सकों एवं संसाधनों की कमी सरकार को पूरी करनी चाहिए तो वहीं चिकित्सालय की सीएमएस डॉक्टर चंद्रा पंत ने बताया कि इस संबंध में संबंधित कंपनी को एक पत्र विभाग द्वारा जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई 2024 को किस अस्पताल को पी मोड पर संचालित होते हुए 4 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्र के माध्यम से संबंधित कंपनी को 6 जुलाई तक इस अस्पताल को हस्तांतरित करने के आदेश दिए गए हैं साथ उन्होंने यह भी बताया कि 7 जुलाई से इस अस्पताल को सरकारी तंत्र पर चलाया जाएगा देखना होगा कि अब यहां आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकार कितनी गंभीर है।

# महिला से मारपीट और अभद्रता में पांच नामजद

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने नंदकिशोर यादव पुत्र भोला सिंह निवासी ग्राम सैजना थाना किच्छा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि मानवेंद्र टिंकू पुत्र अयोध्या प्रसाद ,सोनू पुत्र नेम चंद्र , कमलेंद्र पुत्र अयोध्या प्रसाद ,भवन सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह ,विजय प्रसाद पुत्र नामालूम निवासी गण नामालूम किच्छा द्वारा एक राय होकर वादी व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज व मारपीट की गई है। अभियुक्तगणों के विरुद्ध कोतवाली किच्छा में मुकदमा अपराध संख्या 164/24 धारा 147/323/504 आईपीसी पंजीकृत किया गया है।




# विकास से बदलेगी उत्तराखंड की तस्वीर : भट्ट





## काशीपुर में अलग अलग स्थान पर आयोजित नुक्कड़ और जनसभाओं में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का जोरदार स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गुरुवार को काशीपुर क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार विश्व के नक्शे पर देश को समृद्ध राष्ट्र के रूप में अलग पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उत्तराखंड की तस्वीर पूरी तरह बदली नजर आएगी। रक्षा राज्य मंत्री ने वार्ड नंबर 11 स्थित ढकिया गुलाबों में भाजपा नेता अमरपाल सिंह छीना के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी का फूल मालाओं से जोरदार खैर मकदम किया। अपने उद्बोधन में श्री भट्ट कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी एक बार फिर से रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराते केंद्र में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भविष्य में राज्य सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड का कायाकल्प करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। कल कारखाने खुलने से रोजगार के अवसर मिलेंगे। पहाड़ों से पलायन लगातार रख रहा है। विकास की गति तेज है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, भाजपा के वरिष्ठ नेता राम मेहरोत्रा , जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, समाजसेवी डॉक्टर जे के राणा, पार्षद घनश्याम सैनी, मनोज सैनी, रामकुमार सैनी, विवेक शुक्ला, बृजेश यादव, लखविंदर छीना, जोगिंदर सिंह, सर्वजीत सिंह महेंद्र प्रधान आदि बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ता व स्थानीय गणमान्य मौजूद रहे। वहीं रक्षा राज्य मंत्री एवं नैनीताल क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट का काशीपुर बार एसोसिएशन मैं अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में काशीपुर को जिला बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता की यह सबसे पुरानी मांग है। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारें अब तक आई किसी ने भी इस पर गौर नहीं किया। अपने उद्बोधन में अजय भट्ट ने बार एसोसिएशन से समर्थन मांगा और आश्वासन दिया कि काशीपुर क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा की काशीपुर जिले की मांग को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी तादाद में अधिवक्ताओं के अलावा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। नैनीताल-उधम सिंह नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी अजरू भट्ट ने काशीपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सभी देशवासियों के सुख व समृद्धि की कामना की। उन्होंने काशीपुर के खड़कपुर में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया और देवतुल्य जनता व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का उत्साह और जोश इस बात को पुख्ता कर रहा है कि आगामी चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ पुन: सरकार बनाने जा रही है। जनसम्पर्क अभियान के तहत काशीपुर के ढकिया गुलाबो में आयोजित जनसभा में सम्मिलित हुआ और जनता को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया।इस अवसर पर सभी से आगामी चुनाव में कमल के निशान पर वोट देकर भारी मतों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। वहीं भाजपा प्रत्याशी ने काशीपुर नगर मंडल के स्टेडियम तिराहा पर आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी और आगामी लोकसभा चुनाव में कमल के निशान पर वोट देने का आह्वान किया। हेमपुर डिपो, गोपी गाँव में आयोजित जनसभा में सम्मिलित होकर देवतुल्य जनता से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा को वोट देने की अपील की। सभी जन का उत्साह का इस बात की गारंटी दे रहा है कि पुन: कमल प्रचंड बहुमत से खिलने वाला है।

## गेस्ट लेक्चर में करियर ,फार्मा सेक्टर फ्यूचर डायरेक्शन पर की गई चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिगमा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (कॉलेज ऑफ फार्मेसी) द्वारा गेस्ट लेक्चर का आयोजन टी-पी हेड रजत धवन की देख रेख में गया । जिसके मुख्य अतिथि चेतन बंसल थे जो कि गुजरात इमामी के ऑपरेशन हेड है। इस गेस्ट लेक्चर में उन्होंने क्वालिटी एश्योरेंस, क्वालिटी कंट्रोल और प्रोडक्शन डिपार्मेंट के विषय में बताया। उन्होंने अपनी उपलब्धियों के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा फार्मा सेक्टर



में बच्चों का मार्गदर्शन किया। गेस्ट लेक्चर में करियर ऑपच्यरुनिटीज, फार्मा सेक्टर ,फ्यूचर डायरेक्शन , पैकेजिंग ,मैन्युफैक्चरिंग के बारे में चर्चा की ।इस गेस्ट लेक्चर एवं फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में संस्थान के अध्यक्ष राजेश कुमार डाबर, उपाध्यक्ष प्रीति ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, डायरेक्टर सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर , शौर्य अरोरा , फार्मेसी के प्राचार्य डॉ विजय सिंह, दीपिका देउपा , रोहित सिंह पडियार एवं सभी शिक्षक- शिक्षकाओ के साथ-साथ लगभग डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं जानकारी प्राप्त की ।

## बस्तियों में मतदाताओं को किया जागरूक




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार (नोडल स्वीप) के निर्देशन में स्वीप टीम के द्वारा ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ट्रांजिट कैम्प, मुखर्जी नगर में बंगाली समाज के मतदाता तथा बीएलओ द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के सभी मतदाताओं से 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की गयी। एवं सभी के द्वारा मतदान करनें की शपथ ली गई। उक्त कार्यक्रम में अधिशासी अभियन्ता लधु सिंचाई सुशील कुमार तथा क्षेत्र के बीएलओ के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में गीतों/कविताओं के माध्यम से भी आम जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सहायक नोडल स्वीप व्यौमा जैन, स्वीप टीम के अन्य सदस्य पिकेंश, पारस ,आशा सरकार, मेघा बोस आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक शुक्ला ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

किच्छा(उद संवाददाता)।वार्ड 5 बंडिया भट्ठा में विधानसभा संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर नैनीताल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में गली मोहल्ले में जाकर भाजपा के पत्रको का वितरण किया एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को जनता को बताते हुए आगामी 19 अप्रैल को नैनीताल उधमसिंहनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश के हित में किए गए कार्यों के द्वारा आम जनमानस भी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में बदल चुका है, आम जनमानस का उत्साह बता रहा है कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान मंडल अध्यक्ष मन मोहन सक्सेना, विधानसभा विस्तारक भुवन पांडे, विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य, शक्ति केंद्र संयोजक जितेंद्र गुप्ता, बूथ अध्यक्ष भगवान दास वर्मा, अमरनाथ कश्यप, मंडल मंत्री पूरन भट, प्रकाश पंत, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष राजेश कोली, विनोद कोली, महेंद्र पाल, मुकेश कोली, मूलचंद कोली, राकेश गुप्ता, अभिषेक सक्सेना, गोल्डी गोराया, सुरेंद्र चौधरी, हीरालाल प्रजापति, नंदलाल प्रजापति, भगत सिंह, जसवंत सिंह, मोहनलाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आज प्रात: आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर से पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित सैकड़ों महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो मंदिर से प्रस्थान कर इंदिरा कालोनी, आदर्शकालोनी, काशीपुर बाईपास रोड,अग्रसेन चौक, डीडी चौक होते हुए किच्छा बाई पास रोड स्थित झील पहुंची। जहां पर पूजा अर्चना के साथ सभी कलश में जल ग्रहण किया गया। जिसके पश्चात महिलाएं पुन: हरिनाम कीर्तन करते वापिस श्री दुर्गा मंदिर वापस लौटीं। जहां पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश स्थापित किए गए। आज रात्रि 9 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की जायेगी। 6 अप्रैल दिन शनिवार को प्रात: 6 बजे से महानाम संकीर्तन का शुभारंभ किया जायेगा। जिसमे आमंत्रित कीर्तन मंडलियों राधाकृष्ण सम्प्रदाय (रोबिन दा) दिनेशपुर, बीनापानी सम्प्रदाय (कालीदास) दिनेशपुर, श्री गुरू सम्प्रदाय (गुरूपदो) सुन्दरपुर, दादा भाई सम्प्रदाय (भंजन) शक्तिफार्म, हरि गोपाल सम्प्रदाय (लता) धर्म नगर तथा राधा गोविन्द सम्प्रदाय (रिंकू) महाराष्ट्र द्वारा 9 अप्रैल दिन सोमवार को प्रात: 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। 6 अप्रैल से प्रतिदिन प्रात: 11 से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद वितरित किया जायेगा। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार, सरोज राय, पवित्र राय, शंकर सरकार, अमित सरकार, गोविंद राय, रंजीत मंडल, संजय विश्वास, मुकेश मालाकार, संजय ढाली, विश्वजीत मजूमदार, समीर बाबली, संजय ढाली, सरो राय, देवकी, सविता, जशोदा, रिंकी, शिखा,बनेगा, पूजा, मंजू, हरीदासी, उर्मिला, रजनी, कल्पना, रीना, पूर्णिमा, माधवी, करुणा, सावित्री, फुलदासी, सपना, रेखा, शिवानी, भागीरथी, मीना, बीना, नीरू, कामना, पार्वती, अनीता, शेफाली, दिया, गौरांग विश्वास, प्रदीप गोलदार, श्यामल राय, करन मदक ,विश्वजीत भगत, पाल, कौशिक पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुख देव मंडल, जयदेव पाल व पवित्र शील सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# दस लाख की सुपारी देकर कराई थी बाबा तरसेम सिंह की हत्या





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नानकमत्ता कार सेवा डेरा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने शूटरों को हथियार और संसाधन उपलब्ध कराने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शूटरों को भगाने में सहायता करने वाले षडयंत्रकारियों के दो वाहन भी पुलिस ने बरामद कर लिये हैं। इन षडयंत्रकारियों ने ही नानकमत्ता गुरूद्वारे के सराय में शूटरों को रूकवाया था। हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले दोनों शूटर अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। दोनों शूटरों पर ईनाम की धनराशि पच्चीस हजार से बढ़ाकर पचास हजार कर दी गयी है। छानबीन में पता चला है कि दोनों शूटरों ने दस लाख की सुपारी लेकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या की थी।बता दें 28अप्रैल को नाकमत्ता स्थित डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार दो बदमाशों ने तड़के गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने वाले दोनों बदमाश कई दिन से गुरूद्वारे की सराय में ठहरे थे। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों फरार हो गये। घटना के खुलासे के लिए पुलिस, एसएसओजी, एसटीएफ, एटीएफ की कई टीमों को लगाया गया था। पिछले आठ दिनों से पुलिस कई राज्यों में बदमाशों की तलाश कर रही थी। साथ ही वारदात के कारणों की तह तक जाने के लिए कई एंगल से जांच की जा रही थी। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर घटना के खुलासे के लिए एसआईटी का भी गठन किया गया था। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की जांच करने पर पता चला कि घटना को जिन दो लोगों द्वारा अंजाम दिया गया है उनमें से एक व्यक्ति की पहचान सर्वजीत सिंह पुत्र स्वरूप सिंह, निवासी तरन तारण,पंजाब,के रूप में हुई और दूसरे व्यक्ति की शिनाख्त अमरजीत उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा पुत्र सरदार, सुरेंद्र सिंह निवासी नगली फतेहगढ़,चूड़ियां रोड, थाना कम्मो, जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई। जांच में यह भी जानकारी मिली कि दोनों बदमाश 19 मार्च को गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में आए हुए थे और गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब की सराय में कमरा नंबर 23 में दिनांक 19 मार्च से ही रुके हुए थे । सराय के उक्त कमरे को लेने से पूर्व सर्वजीत सिंह द्वारा अपनी आई डी, आधार कार्ड, नम्बर एवं मोबाइल नंबर को सराय के रजिस्टर में दर्ज किया हुआ था। सर्वजीत सिंह के बारे में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वह पूर्व में कई अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रह चुका था और उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी करने पर इसके विरुद्ध लगभग एक दर्जन अभियोग गम्भीर धाराओं में पंजीकृत होना पाया गया। सर्वजीत सिंह के मोबाइल की कॉल डिटेल के अनुसार वह दिनांक 19 मार्च से लेकर 27 मार्च 24 तक रामपुर,बाजपुर, किच्छा, बरेली, शाहजहांपुर आदि में घूमता रहा। सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर दोनों अभियुक्त गणों की शिनाख्त हुई है ।मैन्युअल इनपुट और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर ज्ञात हुआ कि दोनों अभियुक्त गणों के द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर और मोबाइल फोन 14 मार्च 24 को कस्बा तिलहर,थाना तिलहर,जनपद शाहजहांपुर से खरीदे गए थे। प्राप्त मोबाइल नंबरों के आधार पर अभियुक्त गणों के पुराने नंबर प्राप्त हुए, जिनके विश्लेषण के उपरांत जानकारी मिली कि ये दोनों जनपद शाहजहांपुर, तहसील पुवायां के ग्राम कबीरपुर निवासी दिलबाग सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह एंव बलकार सिंह,सतनाम सिंह, परगट सिंह,हरविन्द्र सिंह उर्फ पिंदी आदि के सम्पर्क में माह फरवरी 2024 से थे । इन लोगों के द्वारा कुछ अन्य महत्वपूर्ण लोगों के कहने पर गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब स्थित डेरा कार सेवा एंव तराई क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण डेरों के प्रबंधन अपने वर्चस्व में लेने के आशय से बाबा तरसेम सिंह की हत्या की योजना बनाई गयी थी ।इस योजना के अनुसार दिलबाग सिंह और उसके साथियों ने सुनोयोजित तरीके से पेशेवर अपराधी सबरजीत सिंह और अमर जीत सिंह उर्फ बिट्टू को अपने द्वारा निर्धारित किए गए कार्य के लिए 10 लाख रुपए में हायर कियाऔर घटना से पूर्व दोनों अपराधियों को 1,60,000 रुपए एडवांस के तौर में दिए गए। दोनों शूटरों को हत्याकाण्ड के लिए हर प्रकार की सुविधा प्रदान की गई। सुनोयोजित साजिश के तहत हायर किये गये सबरजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू ने 19 मार्च 24 को नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब की सराय में कमरा नंबर 23 किराए पर लिया और घटना वाले दिन तक निरंतर वहीं पर रहकर और घूम फिर कर बाबा तरसेम सिंह के प्रतिदिन की दिनचर्या की जानकारी जुटाई गयी। इसके उपरांत इन दोनों ने नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब के एक कर्मचारी अमनदीप सिंह उर्फ काला पुत्र कुलदीप सिंह, निवासी बरा जगत थाना अमरिया, जिला पीलीभीत को अपने प्रभाव में लेकर व लालच देकर उसकी सहायता से 28 मार्च 24 को बाबा तरसेम सिंह की सही-सही लोकेशन ज्ञात कर ली और उसके उपरांत सराय से निकलकर डेरा कर सेवा में जाकर बाबा तरसेम सिंह को गोली मार दी। सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर यह जानकारी मिली कि उपरोक्त दोनों अपराधी घटना कारित करने के उपरांत सीधे षड्यंत्रकारी दिलबाग सिंह,निवासी ग्राम कबीरपुर ,तहसील पुआयाँ जिला शाहजहांपुर के घर पर पहुंचे और वहां से उनके द्वारा दिलबाग सिंह और उसके साथियों से पूर्व में निर्धारित की गई धनराशि में से 5,00000 लाख रूपये प्राप्त कर लिए और फिर अभियुक्त दिलबाल की सहायता से फरार हो गये। विवेचना के आधार पर पुलिस ने षडयंत्रकारी दिलबाग सिंह पुत्र लक्षमण सिंह निवासी ग्राम कबीर पुर थाना निगोही जिला शाह जहाँ पुर, अमनदीप सिंह उर्फ काला पुत्र कुलदीप सिंह निवासी बरा जगत थाना अमरिया जिला पीलीभीत, हरमिंदर ऊर्फ पिंदी पुत्र मलकीत सिंह निवासी रणधीर पुर थाना तिलहर जिला शाह जहाँ पुर और बलकार सिंह पुत्र दर्शदा निवासी ग्राम बाधे कंजा थाना करेली जिला पीलीभीत को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया है। फरार शूटर सरबजीत व अमरजीत की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही है। दोनों शूटरों पर ईनाम की राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50,000 कर दी गयी है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों पर विभिन्न थानों में कई केस दर्ज हैं। पकड़े गये षडयंत्रकारियों से घटना में प्रयुक्त दो कार मारुती स्विफ्ट कार तथा दो मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं।

## बाबा तरसेम सिंह की हत्या की सुपारी देने वाला रसूखदार आखिर कौन ?

**रसूखदार के गिरेबान तक नही पहुंची पुलिस के हाथ,हत्यारों के मददगारों को पकड़ने पर पुलिस थपथपा रही पीठ**

■ अनिल सागर

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या के पीछे ऐसे कौन रसुखदार है जिसने बाबा की सुपारी देकर इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। पुलिस ने सिर्फ हत्यारों की रैकी करने वाले सेवादार और शरण देने वाले षडयंत्रकारियों को अभी गिरफ्तार कर वाहवाही लूटने का काम किया है। पुलिस इसी को अपनी बड़ी सफलता बताते हुये अपनी पीठ थपथपाने में लगी है। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को शार्प शूटरों ने 315 बोर की रायफल से गोली मारकर हत्या कर मौके से फरार हो गए थे। धार्मिक डेरा कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या की गूंज उत्तराखण्ड से लेकर यूपी एंव पंजाब तक पहुंची थी। तीन राज्यों की पुलिस के साथ उत्तराखण्ड की पुलिस ने पंजाब, यूपी, उत्तराखण्ड,हरियाणा में डेरा डाले हुये थे। वृहस्पतिवार को एसएसपी ने जो खुलासा किया उसमें बाबा के अकेले बैठे होने की रैकी करने वाला सेवादार अमनदीप जिसको हत्यारों ने अपने झांसे में लेकर उसे गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने जिला शांहजहापुर के तहसील पुवांया के ग्राम कबीरपुर निवासी दिलबाग सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह , बलकार सिंह पुत्र दर्शदा निवासी ग्राम बांधे गंजा थाना करेली जिला पीर्लीभीत , हरविन्द्र सिंह ऊर्फ पिंदी पुत्र मलकीत सिंह निवासी रणधीर पुर थाना तिलहर जिला शहजहांपुर इन पर आरोप है कि उन्होंने बाबा की हत्या के लिए तय सुपारी की रकम में से 1 लाख 60 हजार रूपये हत्या से पहले एडवांस के रूप में दिए थे। हत्या को अंजाम देने के बाद हत्यारें शाहजहांपुर दिलाबाग से मिले और 5 लाख रूपये लेकर हरविन्द्र सिंह ऊर्फ पिंदी पुत्र मलकीत सिंह, बलकार सिंह पुत्र दर्शदा की मदद से फरार हो गए। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि बाबा की हत्या की सुपारी देने वाले पुलिस के मुताबिक महत्वपूर्ण यानि रसुखदार है। लेकिन बड़ा सवाल ये है , रसुखदार के गिरेबान पर कब पुलिस के हाथ पहुंचंगे।

### भोग से पहले संगत के रोष को रोका

नानकमत्ता। कार सेवा डेरा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह के अंतिम भोग अरदास से दो दिन पहलें हत्यारों के मददगारों को पकड़कर पुलिस ने संगत का रोष कम करने का काम किया है। पुलिस प्रशासन को पता है कि बाबा तरसेम सिंह के ओहदे को देखते हुंये अंतिम भोग अरदास में भारी तादात में संगत पहुंचेगी। ऐसे में हत्यारें न पकड़े जाने पर पुलिस के प्रति कोई नाराजगी को थामने के लिए दो दिन हत्यारों के मददगारों को जेल भेजकर सिर्फ लीपापोती की गई है।

## बैठक में निजी स्कूल प्रबंधन व बुक सेलरों को दिए निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिक्षा, प्रशासन, निजी स्कूल और बुक सेलर की बैठक संपन्न हुई। जिसमें विविध विषयों पर आ रही संशय शिकयत का निस्तारण किया गया। बैठक में तहसीलदार सचिन कुमार ने मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपने विद्यालय में एनसीआरटी की पुस्तके लागू करें या उन पब्लिशर की पुस्तके लागू कर सकते है



जिनका मूल्य एनसीआरटी की पुस्तकों के बराबर हो। जिन विषयों में एनसीआरटी की पुस्तकें उपलब्ध नहीं है उनमें अभिभावकों की खरीददारी क्षमता, गुणवत्ता एवं मूल्य को ध्यान में रखकर पुस्तकें लागू करे। आयु के अनुसार प्रवेश विषय में शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि 10 अगस्त 2023 के अनुसार कक्षा 1 के लिए प्रवेश अहर्ता आयु 31 मार्च 2023 को 6 वर्ष अर्थात 05 वर्ष 12 माह पूर्ण होने चाहिए।

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश ने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रो में किया जनसंपर्क

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस के लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने भीमताल विधानसभा के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रो में व्यापक जनसंपर्क किया।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत धारी, धानाचूली, सुंदरखाल, भटेलिया, नथुवाखान, तल्ला रामगढ़, मल्ला रामगढ़ सहित अनेकों क्षेत्रो में नुक्कड़ सभा और डोर टू डोर जनसंपर्क और बैठकों के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क किया। भीमताल की जनता से बदलाव का आह्वान करते हुवे कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि भीमताल विधानसभा के लघु किसानों को फसल का उचित मूल्य सहित जंगली जानवरो से आम जनमानस और फसल की सुरक्षा हेतु ठोस योजनाओं को तुरंत अमल में लाया जायेगा।दूरस्थ क्षेत्रो के छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा व्यवस्था हेतु छात्रावास की उचित व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य किया जायेगा।उन्होंने कहा कि ग्राम सभा लदफोड़ा मे बिना सहमति जमीनों की जो खरीद फरोख्त हो रही है कांग्रेस उसके खिलाफ है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इस बार लोकसभा



मे परिवर्तन की बयार भीमताल विधानसभा से शुरू हो गयी है। बाबा नीमकरोली के आशीर्वाद से आम जनता की उम्मीदों की जीत होगी कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी की जीत होगी। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि भीमताल विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के दो दिवसीय प्रवास ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया है और आगामी चुनाव में भीमताल विधानसभा से जीत सुनिश्चित है। इस दौरान पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, ब्लॉक अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, प्रभारी भीमताल राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सीमा आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवती पनेरू, हेमवती नंदन दुर्गापाल, डॉ. केदार पडलिया, गोपाल सिंह बिष्ट, चौयरमेन भीमताल दीपू चुनोतिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह, नीरज कुमार, प्रताप बर्गली, बलवंत सिंह बोरा, राजेन्द्र बिष्ट, संजय बिष्ट, सुरेश चंद्र, दया किशन बमेठा, वरुण प्रताप भाकुनी, सुरेश प्रधान, ग्राम प्रधान राजेन्द्र पोखरिया, लाल सिंह बिष्ट, गणेश आर्य, सतीश चंद्र, देवेंद्र मेर, किशोर पडलिया, ग्राम प्रधान राजेंद्र पोखरिया आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय जु-जित्सू में उत्तराखंड बना चैम्पियन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साईं द्वारा मान्यता प्राप्त जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान एवं जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के सौजन्य से 30 मार्च से 2 अप्रैल तक मल्टीपरपस हाल, चौक स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित हुई सबजूनियर, जूनियर ( बालक/बालिका वर्ग) नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप में उत्तराखंड राज्य के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 44 स्वर्ण पदक, 35 रजत पदक एवं 55 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चौम्पियनशिप में सातवीं बार चैंपियन बनकर राज्य का नाम गौरवान्वित किया। पदक श्रृंखला में उत्तर प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे व असम चौथे स्थान पर रहे। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि यह प्रतियोगिता जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय कुमार जोशी, महासचिव सिहान अमित अरोरा के दिशा निर्देशन में आयोजित हुई। जिसमें सम्पूर्ण भारत से 22 राज्यों के लगभग 1500 खिलाड़ियों व 100 से भी ज्यादा रैफरी व ऑफिशियल्स ने प्रतिभाग किया। ओर आगे उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य की टीम के खिलाड़ियों ने जु-जित्सू मार्शल आर्ट्स खेल के विभिन्न इवेंट्स ने वाजा, जु-जित्सू फाइटिंग, कांटेक्ट, डूओ शो एंड क्लासिक की विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभाग करते हुए 44 स्वर्ण पदक, 35 रजत पदक, 155 कांस्य पदक सहित कुल 134 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के दौरान विजेता खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई करते हुए पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि व चीफ स्टैंडिंग काउंसिल उत्तर प्रदेश सरकार एड. प्रशांत सिंह अटल, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडे, भारतीय जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष विनय जोशी, महासचिव अमित अरोरा,जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष देवराज राय चंद, पुणेश ठाकुर, विजेंद्र खरसोदिया, सहित अनेकों अतिथियों द्वारा पदक पहनाकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि एड. प्रशांत सिंह अटल ने चौंपियनशिप में सर्वाधिक पदक जीतकर उत्तराखण्ड को देश में लगातार नंबर वन पर बने रहने की बधाई दी। ओर आगे महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया की सभी विजेता खिलाड़ियों को जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्षा श्रीमति रसिका सिद्दीकी, महासचिव विनय कुमार जोशी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, देवेंद्र रावत, जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, डीएसओ उधम सिंह नगर श्रीमती जानकी कार्की, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, केनाथ लाल, विनोद लखेरा, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, रघु रावत, वसीम खान, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, शेखर सक्सेना, अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, अजय शर्मा, कमल सिंह, गंगा मेहरा, विजेंद्र, कृष्ण चौहान आदि सहित अनेकखेल प्रेमियों ने बधाई दी।



## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रूस और यूक्रेन का संघर्ष

यूक्रेन ने रूस के साथ चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के लिए भारत के सुझाए शांति फार्मूले पर भरोसा जताया है। इन दिनों यूक्रेन के विदेशमंत्री भारत की यात्रा पर हैं और उन्होंने भारतीय विदेशमंत्री के साथ बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग और समग्र संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। रूस-यूक्रेन संघर्ष को दो वर्ष से अधिक समय हो गया, मगर तमाम प्रयासों के बावजूद उस पर रोक नहीं लग सकी है। किसी न किसी बहाने, कुछ-कुछ अंतराल पर रूस हमले तेज कर देता है। वह दो बार परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की धमकी भी दे चुका है। हालांकि यूक्रेन शुरू से रूस के साथ बातचीत की इच्छा जाहिर करता रहा है, मगर रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की अपनी सदस्यता वापस ले ले, तभी कोई बातचीत हो सकती है। इस मामले में भारत ने भी कई बार दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से प्रत्यक्ष रूप से और फोन पर बातचीत की है। यूक्रेन शुरू से भारत के शांति फार्मूले पर अमल के पक्ष में रहा है, पर रूस अपने रुख में किसी तरह का लचीलापन नहीं दिखाता, इसलिए संघर्ष विराम की कोई सूरत नहीं निकल पाई है। भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से मधुर संबंध हैं। रूसी राष्ट्रपति ने शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान भी हमारे प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया था कि वे यूक्रेन पर हमले रोकेंगे, मगर वहां से वापस लौट कर उन्होंने हमले और तेज कर दिए थे। रूस अब तक यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। वहां भारी तबाही हुई है। दस लाख से ऊपर लोग निर्वासित हो चुके हैं और करीब इतने ही लोग अपनी ही जमीन पर एक तरह से यातना शिविर में रहने को अभिशप्त हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस तबाही को रोकने की कोशिश की, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल सकी। दुनिया के तमाम देशों को लगता है कि अगर भारत मध्यस्थता करे, तो इसका हल निकल सकता है। मगर अड़चन रूस की तरफ से आ खड़ी होती है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन बातचीत में तो ऐसा जाहिर करते हैं कि वे यूक्रेन पर हमले रोकने को तैयार हैं, मगर व्यवहार में ऐसा कुछ भी करते नजर नहीं आते। दरअसल, यूक्रेन पहले रूस का ही हिस्सा हुआ करता था, पर अलग होकर स्वतंत्र देश बन गया था। अब उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली है। रूस इसी को लेकर नाराज है। उसे लगता है कि इससे यूरोपीय देश बिल्कुल उसकी सीमा पर आ खड़े हुए हैं। रूस ने यूक्रेन को नाटो की सदस्यता लेने से रोका था, पर वह नहीं माना। उसे अपनी सुरक्षा सर्वोपरि नजर आती है। अब रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता छोड़ दे। मगर यूक्रेन इसके लिए तैयार नहीं है। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि अगर यूक्रेन भी अपने फैसले पर अडिग रहेगा और रूस भी अपनी शर्तों पर अड़ा रहेगा, तो शांति का फार्मूला लागू कैसे हो पाएगा। भारत सदा से शांति का पक्षधर रहा है, इसलिए जैसे ही दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ, उसने इसे रोकने की हर कोशिश की। वह दोनों देशों के बीच मध्यस्थता को सदा तत्पर है, मगर शांति के लिए जरूरी है कि दोनों पक्ष अपने रुख में लचीलापन लाएं। यह कैसे संभव होगा, देखने की बात है। फिर भी भारत से ही कोई व्यावहारिक रास्ता निकालने की उम्मीद की जा रही है।

# शहीद कमल सिंह भाकुनी का सैन्य सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर के जवान कमल सिंह भाकुनी मणिपुर में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया। उन्हें संदिग्ध हालात में गोली लगी थी। उनका पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव चनौदा-बूंगा में गमगीन महौल के बीच लाया गया। मणिपुर नक्सली हमले में शहीद हुए अल्मोड़ा के कमल भाकुनी का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। देशभक्ति के और भारतीय सेना के जयघोषों के बीच हजारों लोगों ने शहीद जवान को अतिम विदाई दी। शहीद को आखिरी विदाई देने के मौके पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या भी मौजूद थीं। इस दौरान श्रीमती रेख आर्य ने शहीद जवान कमल सिंह भाकुनी को अंतिम विदाई देते हुए भावभनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि नक्सली मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस के साथ मातृभूमि की रक्षा के लिए



वीरगति को प्राप्त होने वाले 16कुमाऊं रेजीमेंट में कार्यरत श्री कमल सिंह भाकुनी जी निवासी विधानसभा सोमेश्वर बोरारो घाटी चनोदा (ग्राम बूंगा) की शहादत को शत शत नमन। हमें अपने शहीद की शहादत पर गर्व है वहीं उन्हें खोने का भी बेहद दु:ख है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को सम्बल प्रदान करें। घटना की जानकारी के बाद से परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के मुताबिक अल्मोड़ा जिले के तहसील के चनौदा, बूंगा निवासी सैनिक कमल सिंह भाकुनी (24) 16 कुमाऊं रेजीमेंट मणिपुर में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान कमल को संदिग्ध हालात में गोली लग गई। इस घटना में वो शहीद हो गए। कमल सिंह भाकुनी चार साल पहले ही सेना में भर्ती हुए थे। 25 दिन पहले ही वो छुट्टी के बाद ड्यूटी पर पहुंचे थे। शहीद के पिता चंदन सिंह भाकुनी गांव में खेती-बाड़ी करते हैं। जबकि माता दीपा भाकुनी गृहणी हैं। कमल के बड़े भाई प्रदीप भाकुनी भी सेना में ही हैं। ग्राम प्रधान रमेश भाकुनी के मुताबिक कमल गोली लगने से शहीद हुए हैं।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार पति पत्नी की मौत,बेटी घायल

रुद्रपुर निवासी कारोबारी की कार बृहस्पतिवार शाम रामपुर रोड पर बेलबाबा से आगे अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार सवार दंपती की मौत हो गई जबकि बेटी घायल हो गई। घायल बेटी का एसटीएच के आईसीयू में इलाज चल रहा है। परिवार रिश्तेदारी में नैनीताल जा रहा था।पुलिस के मुताबिक वार्ड नंबर पांच खेड़ा रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर निवासी जहूर अहमद (50) पुत्र हबीब प्लास्टिक स्क्रैप का कारोबार करते थे। बृहस्पतिवार को वह अपनी पत्नी राशिदा (48) बेटी निदा (24) के साथ घर से नैनीताल रिश्तेदारी में जा रहे थे। रामपुर रोड टांडा एसमोड़ से आगे उनकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। मौके पर टीपीनगर पुलिस चौकी की चीता घूम रही थी। इसी बीच सिपाहियों ने कारसवार जहूर, राशिदा और निदा को दुर्घटनाग्रस्त वाहन से निकाला। इस बीच सिपाही तारा और हेमंत ने वहां से कार में जा रहे लोनिवि के अधिशासी अभियंता धर्मसत्तू अधिकारी को रोका। उन्होंने अपनी कार से तीनों को एसटीएच पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जहूर और राशिदा को मृत घोषित कर दिया। आईसीयू में निदा का इलाज चल रहा है।टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि हादसे में कारसवार पति-पत्नी की मौत हो गई। कार सवार रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आ रहे थे। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। सूचना पर मृतकों के परिजन भी सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंच गए। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। दुर्घटना के बाद बेलबाबा से आगे एस मोड़ पर हल्का जाम लग गया। उधर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने अपने बोलेरो वाहन से खींचकर कार को किनारे किया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद कार पेड़ में घुस गई थी।

# पेड़ से लटका मिला लापता महिला का शव

हल्द्वानी। हल्द्वानी के मुखानी क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब नाले किनारे जंगल में पेड़ से महिला का अधनग्न शव लटका मिला। घटना के बाद से इलाके में सनसनी मची हुई है।पुलिस द्वारा दी जानकारी के मुताबिक महिला नौ दिन से अपने घर से लापता थी। महिला का शव नाले किनारे पेड़ से लटका मिला। शव बुरी तरह से सड़ चुका था और महिला के शरीर के कुछ हिस्से को कुत्तों ने बुरी तरह से नोंचा हुआ था। महिला की पहचान तारादेवी (45) पत्नी ललित निवासी मुखानी के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया महिला का पति ललित सूबेदार के पद से रिटायर हैं। जबकि महिला के दो लड़के सेना में जवान है। महिला के पत्नी ने बताया उसकी पत्नी 26 मार्च को अचानक घर से बिना किसी को कुछ बताए लापता हो गई। महिला का फोन भी घर पर ही था। काफी तलाश के बाद जब महिला का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।गुरुवार को तारादेवी का शव कमलुवागांजा स्थित जीएनजी ग्राउंड के पीछे नाले किनारे पेड़ से लटका मिला। लोगों ने महिला का शव लटकता देख पुलिस को इसकी सूचना दी। महिला के कपड़ों से महिला की शिनाख्त की गई। महिला के पति ललित ने बताया कि तारा मानसिक तौर पर बीमार थी। पिछले 5 साल से महिला का एम्स में इलाज चल रहा था।मामले को लेकर एसपी सिटी ने बताया कि शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव के एक पैर की एड़ी को जानवरों ने नोंच दिया है। संभवत इसी वजह से कमर के नीचे का कपड़े गायब हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।



# चार चोरियों का खुलासा,तीन महिलाओं सहित सात गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली पुलिस ने हाल ही में लगातार हुई चोरियों के मामले में पुलिस टीमों का गठन कर घटना का खुलासा करने के निर्देश अधिकारियों द्वारा पुलिस को दिए गए थे। मामले में जानकारी देते हुए कोतवाली के एस एस आई मोहम्मद यूनुस ने बताया कि बीते दिनों ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में हुई तीन चोरियों के मामले में चौकी इंचार्ज राजेश जोशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने क्षेत्र में घटी तीन छोरियों के मामले में कौशल, व उसकी पत्नी अनामिका निवासी थाना आईटीआई जिला उधम सिंह नगर, मनोज , दीपक सिंह निवासी खड़गपुर देवपुरा जिला उधम सिंह नगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई एक स्कूटी सहित 17 हजार रुपए नगद तथा अन्य सामान बरामद करने की कार्रवाई की गई है उसके साथ ही उन्होंने बताया कि कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वितीय



मनोज नयाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा रामनगर के कसेरा लाइन निवासी अमोद कुमार मित्तल द्वारा दी गई टिहरी में बताया गया था कि उनके पैठपडाव स्थित गोदाम से अज्ञात महिलाओं द्वारा बुर्का पहन कर ग्राहक बनते हुए 15 किलो पीतल की परात का कट्टा चोरी किया गया था। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई कमरे में यह महिलाएं बुर्के के अंदर चोरी की हुई परात का कट्टा छुपाते हुए दिख रही हैं तथा इन महिलाओं द्वारा एक अन्य युवक को भी बुलाकर यह परात का कट्टा इस व्यक्ति को दिया गया था । इस मामले में जर्राफात, तथा उसकी पत्नी आसमा निवासी थाना गल सईद मुरादाबाद तथा रोशनी जो कि इसी इलाके की रहने वाली है इन तीनों आरोपियों को चोरी किए हुए सामान के साथ गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है उन्होंने बताया कि चारों चोरी के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

# हिलाल ने रखा पहला रोजा



सितारगंज (उद संवाददाता)। 9 साल के मोहम्मद हिलाल ने पहला रोजा रखा और रोजा पूरा होने के बाद शाम को रोजा इफ्तार किया। पत्रकार कफील अहमद के पुत्र नौ वर्षीय मोहम्मद हिलाल ने रमजान के महीने में पहला रोजा रखा। मासूम बच्चे ने पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर रमजान को पूरा किया। मगरिब की अजान के वक्त शाम को 6:31 पर रोजा इफ्तार किया। इस दौरान हिलाल के परिजनों ने मदरसा फैजाने मुस्तफा में रोजा इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने रोजा इफ्तार किया। लोगों ने पहला रोजा रखने पर मोहम्मद हिलाल को दुआओं से नवाजा। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद शाहबाज खान, मोहम्मद अकरम, अनवर सलमानी, जरार अहमद, अबरार पटौदी, हनीफ बाबा, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद गजाली मोहम्मद अदनान रजा मोहम्मद जुनेद आदि ने हिलाल को मुबारकबाद पेश की।

# कांग्रेस प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यालय गदरपुर में चंडीगढ़ से आए हुए प्रभारी कुलजीत सिंह जो कि उधम सिंह नगर की चार विधानसभा के प्रभारी है, ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह से मुलाकात कर चुनावी चर्चा की और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया उसके बाद कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर वार्ड नंबर 7 में नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा के प्रत्याशी



प्रकाश जोशी के पक्ष में प्रचार प्रसार किया और आम जनमानस को कांग्रेस को वोट देने की अपील की। इस दौरान कुलजीत सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा लोगों को बेवकूफ बनाकर 10 साल राज किया और आम जनमानस को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर दिया है, बढ़ती महंगाई बेरोजगारी एवं बढ़ते अपराध के अलावा महिला सुरक्षा पर नकारात्मक रवैया अपनाकर दोबारा सत्ता हासिल करना चाहती है, जिसे आम जनता कभी कामयाब नहीं होने देगी । उन्होंने सभी जनता से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की । इस मौके पर उनके साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# धूमधाम से मनाया जायेगा भाजपा का स्थापना दिवस

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा प्रभारी दान सिंह रावत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जाएगा जिसमें पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर जनता लगाकर एवं पन्ना प्रमुखों का सत्यापन कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाएंगे। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी फंड में भी अपना अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर खटीमा विधानसभा में पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं शक्ति केंद्र संयोजकों बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुखों



का एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, सभी पार्टी के कार्यकर्ता एक जुट होकर पार्टी को जिताने का संकल्प लेंगे। प्रदेश कार्यकारी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्य पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे और कार्यकर्ताओं के बीच रहकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाएंगे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धनी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, विधानसभा सहप्रभारी संतोष अग्रवाल, अमित पांडे ,नवल वाल्मीकि, राहुल सक्सेना, संदीप वाल्मीकि, महेंद्र अधिकारी, इंदिरा चंद, सुमित वर्मा, विमल सावंत, आलोक गोयल, ईश्वरी दत्त पांडे, जितेंद्र विश्वकर्मा, धर्मवीर राणा, युवा मोर्चा के महामंत्री सूरज धामी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नैतिक मण्डल का नवोदय में चयन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म के छात्र नैतिक मण्डल पुत्र प्राण मण्डल का सत्र 2024-25 में कक्षा 6 के लिए जवाहर



नवोदय विद्यालय रुद्रपुर के लिए चयन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक,प्रधानाचार्य,उपप्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ ने ध्रुव के उज्जवल भविष्य की कामना की। नैतिक मण्डल के पिता प्राण मण्डल ने कहा की नैतिक मण्डल बचपन से ही पढ़ाई मे अब्बल रहा,होनहार होने के साथ आज्ञाकारी भी है। बधाई देने वालो मे भूपेश कफल्टिया ,प्रकाश नाथ गोस्वामी,वंशीधर कफल्टिया,प्रेम चंद्र सिंह चिलवाल,उत्तम आचार्य,सुमिंदर यादव,सूर्य प्रताप सिंह,दीपक विश्वास, आदि शामिल थे।

# जयंती पर बाबू जगजीवन राम को किया नमन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवनराम की 114वीं जयंती पर लोकतन्त्र सेनानीयों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। आयोजित कार्यक्रम में लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा जब देश का लोकतंत्र तानाशाही के काले बादलों से घिरा हुआ था तो उस वक्त बाबू जगजीवनराम ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर लोकतंत्र की हिफाजत के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया था और लोगों में आपातकाल के 19 महीने के डर को खत्म कर दिया उनके इस्तीफे के बाद लोग सड़कों पर निकल आए और तानाशाही के खिलाफ खुल कर बोलने लगे, एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि अगर बाबूजी केंद्रीय मंत्रिमंडल और काँग्रेस से इस्तीफा नहीं देते तो शायद 1977 में जो क्रांति आयी वो शायद ही आ पाती इस देश का लोकतंत्र बाबू जगजीवनराम का हमेशा आभारी और ऋणी रहेगा उनकी जलाई लौ आज भी प्रज्वलित हो रही है। अब लोग गलत का विरोध करने के लिए निकल पड़ते हैं,लोकतन्त्र सेनानी किच्छा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हरीश चंद्र पन्त ने कहा बाबू जगजीवन राम देश के ऐसे नेता थे जिन्होने सामाजिक कुरितियों के खिलाफ भी जनजागरण का ऐतिहासिक काम किया तथा जातिवाद को खत्म करने के लिए आपसी भाईचारे की कई मिसालें प्रस्तुत की उनकी संतानों के विवाह जाति विहीन समाज का श्रेष्ठ उदाहरण हैं। लोकतंत्र की रक्षा में उनका योगदान हमेशा स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। लोकतन्त्रसेनानी कस्तूरीलाल तागरा ने कहा बाबू जी जिस विभाग के भी मंत्री रहे वँहा उन्होंने अपनी योग्यता की छाप छोड़ी उन्होंने केंद्र सरकार में श्रम रोजगार, रेल , रसद कृषि तथा रक्षा मंत्री के रूप में सफलतापूर्वक संचालन किया 1971 कि भारत-पाक जंग में रक्षामंत्री के रूप में उनकी रणनीति ने ही पाकिस्तान को नब्बे हजार सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण को मजबूर किया।कार्यक्रम में लोकतन्त्र सेनानी सुरेश पुंशी, दयाराम वार्ष्णेय, नरेश रस्तोगी जुगल किशोर बाम्बा , वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल घई , अशोक मिड्ढा , नरेन्द्र नरूला, अशोक छाबड़ा, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ,नरेन्द्र कुमार नन्ही ,प्राण ठक्कर,अधिवक्ता कमल चिलाना, संजीव फौगाट, पवन अग्रवाल , सुभाष खंडेलवाल, विजय जग्गा, गुरुबाज सिंह नारंग , सुरभि आहूजा, होमी कुरेशी, प्रवेश कुमार साहनी, मनीष छाबड़ा, चौधरी डालचंद चहल, हरीश एलाबादी , राकेश सक्सेना, अशोक भसीन, श्रीमती जसविंद्र कौर छाबड़ा, इंद्रजीत डंग , ललित गोयल , अविराज छाबड़ा सतपाल सिंह संधू , पूर्व शासकीय अधिवक्ता सरदार श्रवण सिंह संधू , रविअरोड़ा , समेत तमाम लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओमैक्स सोसायटी के महासचिव अभिनव छाबड़ा ने किया तथा अध्यक्षता डॉ दिलीप राडिया ने की ।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस ने जारी किया...**केंद्रित थी। यात्रा के दौरान पांच स्तंभों- युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई। इन पांच स्तंभों में से 25 गारंटी निकलती हैं और हर 25 गारंटी में किसी न किसी को लाभ मिलता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र की बड़ी बातों की अगर बात की जाए तो इसमें केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, जाति जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी 400 रुपये, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का एलान किया गया है। पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। कांग्रेस ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है। पार्टी ने 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। कांग्रेस ने 'श्रमिक न्याय' के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। साथ ही 'नारी न्याय' के अंतर्गत 'महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और विकलांग व्यक्तियों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान 200-500 रुपये प्रति माह दयनीय है। कांग्रेस इस राशि को बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रति माह करेगी। वहीं, साल 2025 से केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का भी वादा किया।कांग्रेस ने यह भी कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को वह सभी वर्गों के गरीबों के लिए बिना भेदभाव के लागू करेगी। घोषणा पत्र में कांग्रेस ने यह भी कहा है कि सरकार में आने के बाद वह नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के साथ परामर्श करेगी और इसमें संशोधन करें करेगी। उसने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कराई जाएगी।

**सरकारी तंत्र का दुरूपयोग...**कहा कि उत्तराखंड में भाजपा सरकार है जहां भ्रष्टाचार खनन माफिया तथा अपराधी पनप रहे हैं केंद्र की भाजपा सरकार को उत्तराखंड में फैल रहे भ्रष्टाचार नहीं दिखाई दे रहा है खनन माफियाओं ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है खनन माफिया इस कदर हावी है कि लगातार अपराधी घटनाएं घटित हो रही हैं। इसके परिणाम आने वाले समय में भयंकर होने वाले हैं। गत दिवस क्षेत्र में खनन माफिया के आपसी गोलीबारी में भी कई लोग घायल हो गए थे। उन्होंने दावा किया कि जनता उत्तराखंड में कांग्रेस प्रत्याशियों को लोकसभा के लिए चुनना चाहती है। प्रेस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुलवंत सिंह ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है संविधान को बचाने के लिए ही गठबंधन का सृजन किया गया है। वर्तमान में आम आदमी पार्टी का उद्देश्य गठबंधन के माध्यम से संविधान को बचाते हुए लोकतंत्र की हत्या करने वालों को सरकार से बेदखल करना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को केंद्र की भाजपा सरकार ने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करते हुए झूठे आरोपों में जेल में बंद करवाया है जिसका जवाब जनता लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशियों को विजई बनाकर केंद्र की भाजपा सरकार को जवाब देगी।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जनार्दन ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 70 से 75 करोड़ रुपए बांड के नाम पर जिस कंपनी से चंदा लिया उसी कंपनी ने दिल्ली मै ठेके लिए थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से वर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली राजेश प्रताप सिंह जीवन जोशी कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गुलशन सिंधी गुड्डू तिवारी जनार्दन सिंह और एन यू खान साहित कई लोग मौजूद थे।

**विदेश में नौकरी...**उक्त लोगों के बैंक खातों में ट्रांसफर किये। उक्त लोगों द्वारा न ही आज तक काम कराया और न ही पैसे बापस किये।उक्त लोगों द्वारा उसका फोन भी रिसीव नहीं किया जा रहा है। 31 मार्च 2024 को उसे फोन आया और मिलने को कहा। लेकिन वह नही आए। किशन गंगवार का आरोप है कि अपना रुपया वापस मांगने पर उक्त लोगों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

**गोलीकांड का एक और...**इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि नामजद हमलावरों में तीन आरोपी पहले जेल भेज दिए। उन्होंने बताया कि एक और आरोपी सोनू जूडी गडडा कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा बरामद किया। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। बता दें कि फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई थी।

**छह माह से ..**सर्विलांस पुलिस टीम का गठन किया गया था। बताया कि इस दौरान किशोर के दिल्ली के करोलबाग में होने की सूचना मिली। किशोर ने दिल्ली में बैंक खाता खोला। जिसमें आधार कार्ड कनेक्ट था। इस पर साइबर सेल में तैनात महिला एसआई रीता चौहान ने उसे ट्रेस कर लिया और सूचना पुलिस अधिकारियों को दी। जिसके बाद एसआई प्रदीप पंत के नेतृत्व में पुलिस और एसओजी की टीम दिल्ली पहुंची और अमित कुमार को नई दिल्ली करौलबाग से बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# पौड़ी का जवान की लद्दाख में शहीद

पौड़ी। लेह-लद्दाख में ड्यूटी के दौरान पौड़ी के जवान कर हार्ट अटैक से निधन हो गया। सैनिक के निधन से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्र में भी शोक की लहर है। सैनिक के पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि शुक्रवार को अलकनंदा नदी तट पर आईटीआई श्रीनगर स्थित पैतृक घाट पर होगी। बता दें कि विकास खंड खिर्सू के कुसली गांव निवासी संजय पुत्र राजेंद्र सिंह रावत बीते 13 साल से भारतीय सेना का अभिन्न अंग था। वह इन दिनों 14 गढ़वाल राइफल में सेवारत रहते हुए लेह-लद्दाख में तैनात थे। संजय के चाचा सोहन सिंह रावत ने बताया कि सेना से संदेश आया कि संजय को बीते तीन अप्रैल को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आया था। बताया कि वीर सैनिक बेटे के आकस्मिक निधन से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उन्होंने बताया कि संजय की एक पांच साल की बेटी है और एक छह माह का बेटा है। पत्नी मोनिका रावत गृहणी है। उसके पिता राजेंद्र सिंह सेना से लांस नायक के पद पर सेवानिवृत्त हुए हैं। जबकि छोटा भाई धीरेंद्र सिंह भारतीय सेना का हिस्सा है। चाचा श्रवण सिंह व मोहन सिंह प्राईवेट जॉब करते हैं। जबकि वह किसान हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'चुनावी मोर्चे' पर 'भाजपा' ने अब उतारे 'त्रिदेव'

- उत्तराखंड में बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र पर भाजपा का मुख्य फोकस
- लोकसभा चुनाव में बूथ प्रबंधन के लिए उत्तराखंड में उतरे पैतीस हजार त्रिदेव

- अर्श -

रूद्रपुर। लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। भारतीय जनता पार्टी ने एक ओर जहां अपने स्टार प्रचारक की फौज को मोर्चे चुनावी मोर्चे पर उतार दिया है ,वहीं दूसरी ओर बूथ प्रबंधन पर भी उसका पूरा फोकस है। इस क्रम में भाजपा ने प्रत्येक बूथ पर जीत दर्ज करने के लिए भाजपा ने अब अपने त्रिदेव मैदान में उतारे हैं। ज्ञात हो कि पार्टी ने बूथ लेवल की कार्यकर्ताओं को देवता स्वरूप मानते हुए इनको बूथ पर जीत का जिम्मा सौंपा है, साथ ही उन्हें त्रिदेव का भी नाम दिया है ।गौर तलब है कि भाजपा प्रत्येक चुनाव में बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र को लेकर मोर्चे पर उतरती है और उसके द्वारा बूथ लेवल के संगठन को सक्रिय एवं मजबूत करने के लिए सर्वाधिक प्रयास किए जाते हैं ।प्रस्तावित आम चुनाव के दृष्टिगत बीजेपी ने इस बार खास तैयारी की है और भाजपा संगठन ने बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव और बीएलए टू को त्रिदेव का दर्जा दिया है । इन पर बूथ स्तर पर पार्टी के चुनाव अभियान की कमान से लेकर मतदाताओं को बूथ तक लाने का दायित्व है। पार्टी के समर्थक मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने और उनसे पार्टी के पक्ष में मतदान करने में इनकी अहम भूमिका को देखते हुए इन्हें त्रिदेव का दर्जा



दिया गया है और बूथ स्तर पर चुनाव प्रबंधन की माइक्रो प्लानिंग भी इन्हीं के सहारे हो रही है।उत्तराखंड में निर्वाचन आयोग ने 11729 पोलिंग बूथ बनाए हैं। भाजपा ने भी इसी के अनुसार अपने बूथ प्रबंधन की रणनीति तैयार की है और पोलिंग स्टेशन की संख्या के हिसाब से एक बूथ पर तीन त्रिदेव बनाए गए हैं। इस तरह राज्य भर में भारतीय जनता को पार्टी के कुल 35 हजार 187 त्रिदेव हैं। भाजपा में त्रिदेव की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज दोपहर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिद्वार लोकसभा सीट के पोलिंग स्टेशनों का प्रबंधन देख रहे तकरीबन सात हजार के करीब त्रिदेव के साथ बैठक करने वाले हैं। बताना होगा कि भाजपा संगठन द्वारा सभी त्रिदेव को लंबे समय तक खास प्रशिक्षण देकर चुनाव प्रबंधन की बारीकियां सिखाई गई हैं। प्रत्येक त्रिदेव के पास बूथ के एक एक वोटर की जानकारी के साथ ही उनका संपर्क नंबर भी है । यह न केवल बूथ स्तर पर चुनाव प्रबंधन का काम देखते हैं, बल्कि इनका मतदाताओं के साथ निरंतर संपर्क भी बना रहता है और यही संपर्क अंततः वोटो में तब्दील होकर भारतीय जनता पार्टी की जीत में अहम योगदान देता है । पिछले जितने भी चुनावों में पार्टी को जीत मिली है उसमें बूथ प्रबंधन की अहम भूमिका बेहद अहम रही है ।इसी रणनीति के तहत पार्टी इस बार भी सबसे अधिक ध्यान बूथ प्रबंधन पर दे रही है। लिहाजा बूथ प्रबंधन को धार देने के लिए भाजपा द्वारा उत्तराखंड में लगभग पैतीस हजार त्रिदेव चुनावी मोर्चे पर तैनात किए गए हैं ,जो कि प्रस्तावित आम चुनाव में भाजपा की जीत में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

# सौभाग्य से मिलता है भागवत कथा सुनने का अवसर: शास्त्री







## सुंदर भजनों से भक्तो को किया भावविभोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम , आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास श्री राजवीर शास्त्री जी महाराज ने गजेंद्र मोक्ष,वामन अवतार , ध्रुव चरित्र , का वर्णन किया । इसकी के सुंदर भजनों से भक्तो को भावविभोर कर दिया । कथा के दौरान महाराज श्री ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे इसलिए ईश्वर में सच्ची लो लगाकर अपने जीवन को सफल करना चाहिए। कथा के दौरान पूजनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी मां हंसेश्वरी जी से सभी ने आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर महंत मनीष सलूजा , महंत भजन प्रकाश अरोरा , सतनाम सिंह , सुनीता अरोरा , राजेश , राजीव , श्याम खुराना , कैलाशचंद अग्रवाल , प्रदीप अग्रवाल , सुभाष खंडेलवाल , प्रदीप , अंकित सहित भारी संख्या में मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु लोग मौजूद थे।

# जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 24 अप्रेल को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन उधमसिंह नगर की नई कार्यकारिणी के वर्ष 2024-25 हेतु चुनाव आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होंगे। यह जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी सीपी जोशी, सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह डंग एवं जगदीश बिष्ट व चंचल बाला द्वारा निर्वाचन कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिला बार एसोसियेशन उधम सिंह नगर के वार्षिक चुनाव की प्रकिया में नई कार्यकारिणी वर्ष- 2024 - 25 के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जिसमें 8 व 9 अप्रैल को प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पर्चे भरे जायेगे। 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जॉच, 15 व 16 अप्रैल को प्रत्याशियों की नामांकन पत्रों की वापसी होगी। उसी दिन प्रत्याशियों की अंतिम सूची का भी प्रकाशन कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 20 अप्रेल को प्रत्याशियों का संबोधन होगा। 24 अप्रैल को मतदान कार्यक्रम बार भवन के निर्वाचन कार्यालय में प्रारम्भ होगा। जो प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मतगणना 25 अप्रैल प्रात: 11 बजे से प्रारंभ की जायेगी जो मतगणना समाप्त होने तक जारी रहेगी। उसके पश्चात प्रत्याशियों के परिणामों की घोषणा की जायेगी। समस्त चुनाव कार्यक्रम जिला बार भवन के निर्वाचन कार्यालय में सम्पन्न किये जायेगे। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए बार काउन्सिल आफ उत्तराखंड की तरफ से दो पर्यवेक्षक आयेगे।

# स्लाटर हाउस ठेकेदार के खिलाफ निवर्तमान सभासद मुखर

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्लॉटर हाउस ठेकेदार द्वारा नियम विरुद्ध पशुओं का वध किए जाने का मामला पुन: गरमा गया है । मामले को लेकर नगर पालिका परिषद के निवर्तमान सात सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए स्लाटर हाउस में अवैध रूप से 15 पशुओं के स्थान पर 90 पशुओं का वध किए जाने का आरोप लगाते हुए स्लाटर हाउस ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि पालिका के लाईसेंस धारी मीट बेचने वालों से ठेकेदार द्वारा मानक के विरुद्ध अवैध वसूली की जा रही है। नगर पालिका के निवर्तमान सभासदों तौसीफ अंसारी, फिरासत खान, श्रीमती शबनम बेगम, श्रीमती मोहसिना आरिफ, लियाकत अंसारी, हसीब अहमद, शोभित शर्मा, ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौपकर नगर के वार्ड नंबर 12 में स्थित स्लाटर हाऊस के ठेकेदार के



विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने की मांग करते हुए ज्ञापन में कहा है कि स्लाटर हाउस में प्रशासन की ओर से ठेका देते समय प्रतिदिन केवल 15 पशुओं की बलि दिए जाने की अनुमति दी गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ठेकेदार अपने साथियों के साथ मिलकर 80 से 90 पशुओं की बलि दे रहा है। जो अनुमति एवं मानकों का खुला उल्लंघन है। निवर्तमान सभासदों ने आरोप लगाया कि पालिका के मीट विक्रेता लाइसेंसधारियों से पशु वध करने के लिए ठेकेदार शासन द्वारा निर्धारित शुल्क वसूलेगा परन्तु ठेकेदार अवैध वसूली कर सरकारी नियमों का उल्लंघन तो कर ही रहा है बल्कि लाईसेंस धारी मीट विक्रेता का शोषण भी कर रहा है। सभासदों ने ज्ञापन में यह भी कहा है कि वर्तमान ठेके को निरस्त कर पालिका के अधीन करते हुए पालिका से संचालित कराया जाए। सभासदों ने एसडीएम को यह भी आप कराया गया कि स्लाटर हाउस में लगे कैमरा से भी ठेकेदार के लोगों द्वारा छेड़छाड़ की गई है ताकि स्लाटर हाउस में प्रतिदिन 80 से 90 पशुओं की की जाने वाली अवैध बलि रिकॉर्ड ना हो सके। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने सभी साथ निवर्तमान सभासदों को आश्वासन दिया है कि पूरे प्रकरण की जांच करते हुए कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# क्विज प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता समिति(स्वीप) द्वारा निर्वाचन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता समिति के कैंपस एंबेसडर डॉ.श्रीहरि प्रसाद, सुश्री प्रभजोत कौर एवं सदस्य प्रमोद वर्मा उपस्थित रहे,इस प्रतियोगिता में कुल 41 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुर्बान अली बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर प्रथम स्थान, बृजपाल सिंह बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान कुर्बान अंसारी बी.ए. चतुर्थ



सेमेस्टर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महावि द्यालय के मतदाता जागरूकता समिति के कैंपस एंबेसडर डॉ.श्रीहरि प्रसाद ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, यहाँ मतदान प्रक्रिया से सरकार चुनी जाती है, उन्होंने युवा मतदाताओं से अपील की है कि वह बिना किसी भय, लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें जिससे एक विकसित देश का सपना साकार हो सके।

# जनता को रिझाने में जुटे भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी

-हिमांशु वार्ष्णेय-

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार का चुनाव प्रचार तेज होता जा रहा है। दोनों ही उम्मीदवार अपने-अपने पक्ष में वोट पाने के लिये जनता को रिझाने के लिये ताबड़तोड़ जनसभाये और जनसम्पर्क कर मतदाताओं को साधने में जुटे हुये है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट जहां अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 वर्षो में कराये गये विकास कार्यों और योजनाओं को जनता के समक्ष रखकर वोट मांग रहे है तो वही दूसरी और कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी मोदी सरकार की नाकामियों को सामने लाकर कांग्रेस के हाथ को मजबूत करने की बात कर जनता से वोट देने की अपील कर रहे है। जहां एक और भाजपा मोदी लहर के भरोसे है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी डोर टू डोर आम जनता से मिलकर कांग्रेस को जिताने की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी जनसंपर्क के दौरान भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगा रहे हैं तो वहीं भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं तथा कराए गए व निर्माणाधीन योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करने का आह्वान कर रहे हैं। प्रकाश जोशी ने अपने मेनिफेस्टो में दावा करते हुये कहा कि अगर नैनीताल लोकसभा सीट की जनता द्वारा उन्हें आशीर्वाद देकर विजय बनाया जाता है तो उनका सबसे पहले कार्य होगा संविदा कर्मचारी को स्थाई नियुक्ति दिलाना होगा। श्री जोशी ने कहा कि पूरे प्रदेश में पिछले काफी सालों से





संविदा कर्मी अपने स्थाई नियुक्ति की लंबे समय से मांग कर रहे हैं जिसमें भाजपा सरकार द्वारा उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है वहीं स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार पर प्रकाश जोशी ने कहा प्रदेश में डिग्री कॉलेज की संख्या बढ़ाई जाएगी क्योंकि डिग्री कॉलेज नहीं होने से युवा पीढ़ी को पहाड़ से पलायन कर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज का हवाला देते हुए कहा कॉलेज में करीब 12 से 15000 बच्चों ने एडमिशन ले रखे हैं। लेकिन दो से ढाई हजार बच्चों की बैठने की ही क्षमता है जिससे विद्यार्थियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हमारी सरकार द्वारा विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए संध्या क्लासेस की शुरुआत की जाएगी। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने भाजपा पर वार करते हुए कहा है कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट अपने संसदीय कार्यकाल में फिसड्डी साबित हुए हैं। जहां एक और भाजपा विकास के दावे करती है वहीं भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट अपने संसदीय कार्यकाल में विकास तो दूर अपनी सांसद निधि ही नहीं खर्च कर पाए तो विकास कहां से होगा। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट नैनीताल लोक सभा क्षेत्र तो दूर अपने गोद लिए गांव का भी विकास नहीं कर पाए और उस गांव की ओर कभी पलट कर भी नहीं देखा। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने भाजपा पर वार करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा आम व्यक्ति को जुमलेबाजी व महंगाई के नाम पर लूट गया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट अपने कार्यकाल के पांच वर्षो में कराए विकास कार्यो की जानकारी आम जनता को देने के साथ ही केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा कराए गए व कराए जा रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। उनका कहना है कि विपक्षी दलों के पास कोई जनाधार नहीं है। इसलिए महज चुनाव की औपचारिकता निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता से जो भी वायदे किए सभी को पूरा किया।उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जो अभियान चलाया जा रहा है उसे विपक्षी दल पचा नहीं पा रहे हैं क्योंकि इसमें कई विपक्षी दलों के नेताओ का असली चेहरा जनता के सामने आते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचारियों को संरक्षण प्रदान करती रही है। लेकिन मोदी के शासन में सारे भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे जा रहे हैं। श्री भट्ट का कहना है कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा चार सौ से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगी। जिसके लिए जागरूक मतदाताओं का पूरा समर्थन मिल रहा है। प्रदेश की पांचों लोक सभा सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल कर रिकार्ड स्थापित करेंगे। दोनों ही प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। अब चुनाव परिणाम की चाभी मतदाताओं के हाथ में है। आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है जबकि मतगणना 4 जून को की जायेगी। देखना है जीत का सेहरा किस पार्टी के प्रत्याशी के सिर पर सजता है।